तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 24 अगस्त 2026

12 पेंड्रावन जलाशय मे 16 फीट पानी से लबालब



11 पढ़ाई के साथ कहानी, विज्ञान और पर्यावरण से जुड़ी ...





## सावन सोमवार पर सोमनाथ में कांवड़ियों का सैलाब

### बोल बम के जयकारों से गूंजा तिल्दा-नेवरा, डीजे पर थिरकते नजर आए शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा

सावन सोमवार के चौथे और आखिरी सोमवार को तिल्दा-नेवरा क्षेत्र के लखना सोमनाथ में कांवड़ियों का बड़ा मेला लगेगा। रविवार सुबह से ही अलग-अलग जत्थों में कांवड़िए बोल बम के जयकारे लगाते हुए सोमनाथ की ओर रवाना होते नजर आए। कोई डीजे की धुन पर नाचते हुए तो कोई डाक बम बनकर दौड़ते हुए भगवान शिव के दिव्य शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए सोमनाथ पहुंचा। कई कांवड़िए भगवान शिव का वेश धारण कर यात्रा करते भी दिखाई दिए। सुबह से देर रात तक पूरा क्षेत्र बोल बम के जयकारों से गूंजायमान रहा।

#### 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

हर साल सावन के आखिरी सोमवार को सोमनाथ में करीब 20 से 25 हजार श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। इस बार लगातार हो रही बारिश के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में थोड़ी कमी आने की संभावना है, बावजूद इसके 15 से 20 हजार श्रद्धालुओं के सोमनाथ पहुंचने की उम्मीद है।श्रद्धालु पवित्र संगम स्थल में डुबकी लगाने के बाद भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक करेंगे।

#### रातभर सड़कों पर पुलिस की पेट्रोलिंग

कांवड़ यात्रा और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए रातभर शहर से लेकर सोमनाथ के बीच पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियां घूमती नजर आईं। लगातार हो रही बारिश के चलते खारून और शिवनाथ नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। इसे देखते हुए नदी किनारे भी पुलिस की व्यवस्था की गई है।

#### शिव भक्तों के लिए जगह-जगह लगे सैकड़ों स्टॉल

सोमनाथ में केवल तिल्दा नेवरा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि बिलासपुर, बेमेतरा,रायपुर और बलौदाबाजार क्षेत्र से भी हजारों कांवड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है। कांवड़ियों की सुविधा के लिए सिमगा से लेकर भूमिया. 22 मील और तिल्दा-रायपुर से लेकर भूमिया सोमनाथ तक जगह-जगह सैकड़ों स्टॉल लगाए गए हैं।कहीं फल-फ्रूट से कांवड़ियों का स्वागत किया जाएगा तो कहीं पूरी-पकौड़े, चाय-पानी, लेमन टी और नाश्ते की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भोजन भंडारे का भी आयोजन किया गया है।आखिरी सोमवार के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी आएगी।



### खबर संक्षेप

#### हाथियों के झुंड की मौजूदगी,चेतावनी जारी

**बलौदाबाजार**। जिले में हाथियों के दल की लगातार मौजूदगी को देखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा प्रशासन ने लोगों के लिए चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने बया से बार वाला मार्ग पर शाम, रात और सुबह के समय अनावश्यक आवागमन नहीं करने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार हाथियों का दल वर्तमान में बिलासपुरिया बैरियर से देवगढ़ घाट होते हुए पकरीद मार्ग तक विचरण कर रहा है। देवगढ़ घाट क्षेत्र में हाथियों के झुंड को सड़क पर प्रत्यक्ष रूप से देखे जाने की जानकारी सामने आई है। ऐसे में मार्ग से गुजरने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने वाहन चालकों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि हाथियों के झुंड के आसपास जाने, उनका पीछा करने या उन्हें छेड़ने का प्रयास न करें। विशेषकर शाम, रात और सुबह के समय बया-बार वाला मार्ग पर आवागमन से बचें। किसी भी स्थिति में हाथियों के करीब जाकर फोटो या वीडियो बनाने का प्रयास न करें।

#### सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा



**गोपालपुर**। सारंगढ़ गांवों के चतुर्दिक विकास और सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने अपने निर्वाचन 09 क्षेत्र सरपंचों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में निर्वाचन क्षेत्र के सभी 31 ग्राम पंचायतों के सरपंच और स्थानीय भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दरम्यान क्षेत्र में संचालित विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तरीय सरकारी योजनाओं की वर्तमान प्रगति, जमीनी हकीकत और स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। संजय भूषण ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम पात्र व्यक्ति तक विभिन्न योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचाना है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा आदि जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आपसी समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया।

#### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने बिलाईगढ़ मार्ग स्थित ग्राम पिरदा के पास एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी आरोपी वृंदावन दास पिता बुढवा दास (45 साल) बरनाईदादर थाना सांकरा के कब्जे 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया है। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने सब्जी मंडी के पीछे बाजारपारा में निर्मित महुआ शराब कुल 09 लीटर कीमत 1800 रुपए को बरामद किया है।

### कार्रवाई : भाजपा नेता के बेटे समेत कंप्यूटर ऑपरेटर पर भी शिकंजा

## फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पलारी

स्वास्थ्य विभाग में ग्रामीण चिकित्सा सहायक के फर्जी स्थानांतरण आदेश तैयार कर सरकारी कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने के मामले में पलारी पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने भाजपा नेता कृष्णा अवस्थी के बेटे प्रणव अवस्थी और कंप्यूटर ऑपरेटर परख कश्यप को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के साथ मामले में अब तक आरएमए करण देवांगन सहित कुल छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पलारी थाना क्षेत्र के रोहांसी उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आरएमए करण कुमार देवांगन ने 17 अगस्त को अपना कथित स्थानांतरण आदेश बीएमओ कार्यालय में प्रस्तुत किया था। आदेश में उनका स्थानांतरण रोहांसी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपर, विकासखंड भाटापारा किए जाने का उल्लेख था। आदेश पर सीएचएमओ के हस्ताक्षर को लेकर संदेह होने पर जांच कराई गई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग ने आदेश को फर्जी बताया। मामले में बीएमओ की शिकायत के आधार पर पलारी पुलिस ने जांच शुरू की और 21 अगस्त को अपराध दर्ज किया। पुलिस के अनुसार कथित तौर पर फर्जी हस्ताक्षर एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे वास्तविक सरकारी आदेश के रूप में प्रस्तुत किया गया था। मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 337, 338, 340(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज है।


संगठन ने पार्टी से भी किया निष्कासित
फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में आरएमए करण देवांगन सहित बीजेपी के दो नेता गिरफ्तार



#### छह आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक 22 अगस्त को ग्रामीण चिकित्सा सहायक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना के दौरान रविवार को परख कश्यप और प्रणव अवस्थी को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार परख कश्यप, पिता महेंद्र कुमार कश्यप, उम्र 36 वर्ष, सिविल लाइन बलौदाबाजार निवासी है, जबकि प्रणव अवस्थी, पिता कृष्णा अवस्थी, उम्र 30 वर्ष, ग्राम रिसदा निवासी है।

#### एक लाख के लेनदेन की भी जांच

पुलिस सूत्रों के अनुसार फर्जी स्थानांतरण आदेश तैयार कराने के मामले में करीब एक लाख रुपये के कथित लेनदेन से जुड़े साक्ष्य भी सामने आए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी आदेश किसने तैयार किया, कंप्यूटर पर किसने इसे तैयार किया, हस्ताक्षर किस तरह किए गए और पूरे मामले में धन के लेनदेन की भूमिका क्या रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण अभी विवेचना में है और अन्य पहलुओं की जांच जारी है।इधर, मामले में भाजपा के जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी और जिला उपाध्यक्ष पुनीराम पटेल के नाम सामने आने के बाद भाजपा संगठन ने दोनों के खिलाफ संगठनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें निष्कासित कर दिया है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ रही है।

## सड़कों पर मवेशियों का डेरा जिम्मेदार अधिकारी बेखबर



हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा

शहर में सड़कों पर बेसहारा मवेशियों का जमावड़ा अब गंभीर समस्या बनता जा रहा है। हालात यह हैं कि शहर के प्रवेश द्वार से लेकर प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों तक मवेशियों का डेरा लगा रहता है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर इन बेजुबान मवेशियों की सुध कौन लेगा और मवेशी जाएं तो जाएं कहां

तिल्दा शहर का प्रमुख सिमगा-खरोरा पहुंच मार्ग दिनभर छोटी-बड़ी गाड़ियों की आवाजाही से व्यस्त रहता है। इसी मार्ग के शहर के स्वागत द्वार से लेकर आगे तक कई जगहों पर मवेशी सड़कों पर बैठे और घूमते नजर आते हैं। खास बात यह है कि इसी मार्ग से जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी रोज आना-जाना होता है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

शहर की सड़कों पर घूम रहे मवेशी खुद भी हादसों का शिकार हो रहे हैं। आए दिन कोई न कोई मवेशी वाहन की चपेट में आकर घायल होता है, तो कई बार उनकी मौत तक हो जाती है। दूसरी ओर, मवेशियों से टकराकर वाहन चालक और राहगीर भी घायल हो रहे हैं।

## पुराने विवाद में घर में घुसकर मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सलौनीखुर्द में पुराने विवाद को लेकर घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को ग्राम सलौनीखुर्द निवासी सत्यनारायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई गोपीचंद और मां के साथ घर में खाना खा रहा था। इसी दौरान गांव के रवि यादव और गनपत यादव घर के सामने पहुंचे और सरपंच चुनाव में हारने की बात को लेकर पुराने विवाद के चलते गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि रवि यादव, गनपत यादव और हरा बाई उर्फ सोनाई बाई यादव घर में घुस गए तथा उसकी मां के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान मां बेहोश हो गई।

प्रार्थी ने आरोप लगाया कि रवि यादव ने टांगी से उस पर प्राणघातक हमला किया, जिससे उसके सिर में चोट आई। मामले में पुलिस ने धारा 333, 296, 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

## लंबित अपराधों के शीघ्र निराकरण पर पुलिस अधीक्षक का जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में रविवार को पुलिस अधीक्षक गौरव राय की अध्यक्षता में अनुभागवार मैराथन क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में 31 जुलाई 2026 की स्थिति में लंबित अपराध, मर्ग, शिकायतों तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने और विवेचना की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

बलौदाबाजार अनुभाग की बैठक सुबह 10 बजे, कसडोल की दोपहर 12 बजे तथा भाटापारा अनुभाग की समीक्षा दोपहर 2 बजे हुई। बीएनएसएस की धारा 193(9) के तहत पूरक चालान एवं अग्रिम विवेचना से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। विवेचकों को साक्ष्यों का उचित संकलन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण के लिए अवैध ▶▶ शेष पेज 11 पर

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती, चार चालकों पर 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की भी होगी कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर शराब के नशे में वाहन चलाते चार चालकों को पकड़ा गया।

पुलिस ने चारों वाहनों को विधिवत जब्त कर चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। 22 अगस्त को न्यायालय ने चारों मामलों में प्रत्येक चालक पर 10-10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। इस तरह चार चालकों पर कुल 40 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

पुलिस के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी। पकड़े गए सभी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं, क्योंकि नशे में वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।



### बाइक रैली निकाल तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों की हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध में बिलाईगढ़ विकासखंड के शिक्षकों ने एकजुट होकर बाइक रैली निकाली। साझा मंच के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए और शासन की नीतियों के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया।

रैली विकासखंड स्रोत केंद्र (बीआरसी कार्यालय, गोविंदवन) से शुरू होकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बिलाईगढ़ तक पहुंची। शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में लगातार नए-नए आदेशों के कारण शिक्षक वर्ग परेशान है। उनका कहना है कि सविलियन के बाद भी शिक्षकों को विभिन्न प्रक्रियाओं और आदेशों के माध्यम से मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रैली के बाद शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि उनकी पीड़ा महज आज की नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही समस्याओं से जुड़ी है। शिक्षकों ने शासन से टीईटी अनिवार्यता के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेने की मांग की।



#### एकजुट रहने का लिया संकल्प

आंदोलन के दौरान शिक्षकों ने आपसी एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक किसी भी परिस्थिति में आपस में नहीं लड़ेंगे और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएंगे। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि बिलाईगढ़ ब्लॉक में शिक्षक एकता आगे भी कायम रहेगी।

#### स्थानीय समस्याओं के लिए जल्द लगेगा शिविर

शिक्षकों की स्थानीय स्तर की समस्याओं को एकत्रित कर उनके समाधान के लिए जल्द ही शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में शिक्षक अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित दस्तावेज और प्रमाण प्रस्तुत कर सकेंगे, ताकि समस्याओं को व्यवस्थित रूप से संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जा सके। शिक्षकों ने कहा कि आज की एकता रैली केवल टीईटी अनिवार्यता के विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षक हितों और स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट संघर्ष की शुरुआत है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

■ पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कर घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

प्रार्थिया (पीड़िता की मां) ने ग्रामीण थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति शिवकुमार यादव उसकी नाबालिक पुत्री (उम्र 17 वर्ष) के साथ डरा-धमकाकर व मारपीट कर लगातार गलत काम (जबरन दुष्कर्म व छेड़छाड़) कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी पीड़िता के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था। पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में आरोपी के विरुद्ध धारा 64(2) (च) (ड), 74, 296, 115(2), 351(3) बीएनएस धारा 4,6 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 75 जे.जे. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया एवं घटनास्थल का ▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### 26वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में जाबांज खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद**। द न्यू होली फेथ स्कूल की दो छात्राओं इंशा फातिमा एवं हैजल बाघ का 26वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता मोवा रायपुर में आयोजित हुआ। उक्त खेल में दोनों खिलाड़ियों इंशा फातिमा पिता सैय्यद इमरान एवं हैजल बाघ पिता प्रीतम बाघ कक्षा सातवीं ने अपनी सूझबूझ व आक्रामकता से उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। अपने कुशल प्रदर्शन से जीत हासिल कर 26वीं राज्य स्तरीय 14 बालिका हैंडबॉल वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयनित होकर अपनी जगह बनाई। इस हैंडबॉल खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन 22 अगस्त से 25 अगस्त 26 अगस्त को जांजगीर चांपा में आयोजित होगा। दोनों खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन से संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, कमेटी मैंबर, शिक्षक-शिक्षिकागण, परिवारजनों ने हर्ष जताया है।



### पचरी में कांवड़ियों का हुआ स्वागत

**झलप**। ग्राम पचरी में हर साल की तरह इस साल भी करीब 125 कांवड़ियों का जत्था ग्राम बम्हनी से जल उठाकर अपने ग्राम पचरी पहुंचने पर स्वागत किया गया। बोल बम कांवड़ियों का ढोल नगाड़ों के थाप के बीच आरती की गई एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात गांव में भ्रमण करते हुए ग्राम के सबसे पुराने गंधेश्वर शिव मंदिर लाया गया। जहां कावड़ियों ने जल चढ़ाया। ग्राम पंचायत पचरी के सरपंच सरिता चूड़ामणि डड़सेन, सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि डड़सेना, पंचगण प्रीति महेश भगत, सोहन यादव, बोल बम मंडली के कोषाध्यक्ष ईश्वर साहू, हलधर यादव, हरक साहू, हेमंत डड़सेना पूर्व सभापति जनपद पंचायत महासमुंद सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।



### लहरौद में भगवान शिव प्रतिमा विराजित

**पिथौरा**। ग्राम लहरौद में विराजित भगवान शिव। हर वर्ष श्रावण मास में भगवान शिव की मूर्ति बना श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं। श्रावण के अंतिम दिन बाजे गाजे से विसर्जन शोभायात्रा निकालते हैं। जिसमें ग्रामीण शामिल होते हैं।

# मंत्री लक्ष्मी ने रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पवित्र श्रावण मास के अवसर पर विशाल मेगा मार्ट परिसर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन के धार्मिक कार्यक्रम में रविवार को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े श्रद्धापूर्वक शामिल हुईं। उन्होंने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की। भगवान महादेव से प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य और परिवारों में सुख-शांति बनी रहने के लिए भी भगवान शिव से प्रार्थना की। साथ ही छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा भी रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि श्रावण मास सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं में विशेष महत्व रखता है। भगवान शिव की आराधना के लिए यह माह अत्यंत पवित्र माना जाता है। श्रावण में रुद्राभिषेक, हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ऐसे आयोजन हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में आध्यात्मिकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।



आगे कहा कि भगवान महादेव की कृपा सभी पर बनी रहे और हमारा प्रदेश विकास, समृद्धि एवं खुशहाली के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़े, यही उनकी कामना है। इस दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना करते हुए धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

### छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष हुए शामिल

रुद्राभिषेक एवं हवन-पूजन में पहुंचे छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने भी महादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए सभी से धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को परिवार सहित इस धार्मिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

### यह रहे उपस्थित

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, उपाध्यक्ष मुन्ना साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेतागण मोती साहू, संदीप घोष, अरविंद प्रहरे, राहुल चंद्राकर, हनीश बग्गा, रेखा बेहरा, हुलसी चंद्राकर, मधु यादव, चुनेश्वरी साहू, मैना कोसले, ऊषा पाल, दुर्गा सार्वा, सुमित जैन, पीयूष साहू, दिनेश रूपरेला, आकाश पांडे, हिमांशु चंद्राकर, अभिषेक पांडे, गुड्डा सिन्हा सहित आमजन उपस्थित थे।

## समस्या: बरसात में टपकती है छत, राशन रखने में हो रही परेशानी

# शासकीय स्कूल में 2 साल से जर्जर किचन में बन रहा मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

स्थानीय शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक बुनियादी विद्यालय पिथौरा में इन दिनों मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बच्चों के लिए भोजन तैयार करने की व्यवस्था में अव्यवस्था का आलम है। जिससे मध्यान्ह भोजन बनाने में काफी परेशानी हो रही है। पिछले 2 वर्षों से जर्जर किचन शेड में 218 विद्यार्थियों का भोजन बन रहा है। ऐसे किचन शेड है, जिसमें बारिश के दिनों में पानी टपकना तो क्या बारिश का पानी भोजन में गिरता है। बाकी दिनों में भोजन बनते समय ऊपर से कचरा, छिपकली गिरने का डर रहता है, जिससे बच्चों की जान व स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। शीघ्र ही इस ओर ध्यान देने की बात है।

पिछले 2 वर्षों से किचन शेड की मरम्मत नहीं होने से रसोइयों को खाना बनाने में कठिनाई हो रही है। इस संबंध में जानकारी लेने पर विद्यालय की प्रधान पाठक मनीषा तिवारी ने बताया कि किचन शेड काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है और राशन सामग्री रखने में भी परेशानी होती है। बच्चों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए हमने प्रशासन से किचन शेड की मरम्मत कराने का निवेदन किया है। स्कूल समिति ने भी प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द किचन की मरम्मत कराई जाए, ताकि स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।



उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय में पहली से लेकर आठवीं तक 218 विद्यार्थी अध्ययनरत है। जिसके अंतर्गत पहली 06, दूसरी 20, तीसरी 16, चौथी 07, पांचवीं 14, छठवीं 62, सातवीं 50, आठवीं 43 कुल 218 विद्यार्थियों का अव्यवस्थित, अस्वच्छ वातावरण में मध्यान्ह भोजन बनता है। जिससे बच्चों की जान व स्वास्थ्य खतरे में है। विद्यालय में प्रधान पाठक मनीषा तिवारी सहित चतुर्भुज राणा, हेमलता सांवड़े, पद्मावती ठाकुर, भुनेश्वर पटेल, घनश्याम यादव, यामिनी बाघ सहित केशव पटेल अध्यापनरत है। इस समस्या का बार बार शासन को अवगत कराया गया है पर आज पर्यंत तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। केवल अधिकारी आते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं। विद्यार्थियों के पालक अव्यवस्थित किचन शेड की सुधार की मांग की है। जिससे बच्चों को स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित किचन शेड में बना खाना मिल सके।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम कोकोभांठा एवं कोचर्रा में सर्व जन उत्थान सेवा समिति के सौजन्य से 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों का सियान जतन कार्यक्रम के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुणवती निषाद द्वारा बुजुर्गों में होने वाली समस्याएं जैसे बीपी, शुगर, कैंसर, लकवा, हार्ट अटैक, मोतियाबिंद, सीकलसेल, हड्डियों में दर्द, भूख न लगना, फेफड़ों की बीमारी, हीमोग्लोबिन कम होना, शराब और धूम्रपान से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी देते हुए समय समय पर स्वास्थ्य जांच करने एवं संतुलित भोजन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साथ शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड समस्या का चिन्हांकन कर संबंधित विभागों को अवगत कराने एवं योजना का लाभ दिलाने के लिए जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में गांव के 84 वरिष्ठ नागरिक लाभान्वित हुए। बीपी एवं शुगर जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग से प्रीतम उईके एवं उर्वशी उईके स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही सर्व जनउत्थान सेवा समिति के सचिव मायालता पांडे, कार्यकर्ता गीतांजलि पांडे उपस्थित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखबई ध्रुव, प्रेमा बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सनिता ध्रुव, बॉबी ठाकुर, मितानिन भजोराम पटेल, रतिलाल पटेल, आत्माराम, कुबेरचंद, नंद लाल ठाकुर, गोपाल ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



**भाटापारा**। सरस्वती शिक्षा संस्थान, की वार्षिक क्रीड़ा योजना के अंतर्गत शनिवार को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुरा रोड, में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता (जूडो / कुराश / कराते / ताइक्वांडो) का भव्य एवं गरिमामय उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती, भारत माता और विद्या भारती के प्रेरणा पुरुष परम पूज्य ओम जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा स्वागत गीत एवं मार्शल आर्ट की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

समारोह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल एक विद्यालय नहीं है, बल्कि यह संस्कार का केंद्र और राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है। यहाँ बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं दिया जाता, बल्कि खेलों के माध्यम से उनमें अनुशासन, आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव का जो बीजारोपण किया जा रहा है, शिवरतन शर्मा ने कहा, आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक रूप से सशक्त होना भी अत्यंत आवश्यक है। विशेषकर हमारी बहनों-बेटियों के लिए जूडो, कुराश, कराते और ताइक्वांडो जैसे आत्मरक्षात्मक खेलों का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है।।

## भाटापारा में बसपा का विधानसभा संगठन का समीक्षा कार्यक्रम

भाटापारा। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर के उपस्थिति में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के संगठन का समीक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। बहुजन समाज पार्टी विधानसभा क्षेत्र भाटापारा के तत्वावधान में झूलेलाल धाम भाटापारा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष स्याम टंडन नें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे सेक्टर और बूथ स्तर पर अपना मजबूत संगठन बनाने का निर्देश दिए तो वहीं पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दाऊराम रत्नाकर ने कहा कि बहुजन समाज के लोगों ने आज तक देश एवं राज्यों में कांग्रेस व बीजेपी के सरकार बनाया जो कभी भी बहुजन समाज के लिए उनके हित में काम नहीं किया है जिसके कारण आजादी के लंबे समय बीत जाने के बाद भी देश के एक बड़ा आबादी आज भी अपनी मूल सुविधाओं से वंचित है आज जब युवा सरकार से शिक्षा और रोजगार की मांग कर रहे हैं तो सरकार स्कूल बंद कर शराब दुकान खोल रहे हैं इसलिए आम जनता के हित और समुचित विकास के लिए बसपा सरकार बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में करमन खटकर (जोन प्रभारी रायपुर छ.ग.), प्रह्लाद साहू जिलाध्यक्ष एड. सतीश मनहरे पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा, विजय सोनवानी, आजाद सिंह कौशल, आनंद मिरी, धन्नु देवांगन, सुनील देवांगन, बल्लु साहू, पिलाराम बंजारे, राधेलाल, नारायण पटेल, हीरा टंडन, मजीद खान, ममता सोनवानी सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं का विधानसभा अध्यक्ष अंगद साहू ने आभार ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।



# भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत होगी शिक्षा : गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार की मंशा है कि हम अपने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से रची, बसी एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोतशिक्षा देवे उक्त बातें प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शिशु मंदिर में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं

- छत्तीसगढ़ी भाषा में भी दी जाएगी शिक्षा, स्कूलों को बनाया जाएगा सुविधायुक्त

यादव सरस्वती शिशु मंदिर में चल रही मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के वि भि न्न विद्यालयों के खे ल प्रतियोगिताओं के समापन कार्यक्रम में आए हुए थे उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्कूलों की शिक्षा वह शिक्षा होती है जहां से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी मिलते हैं इसीलिए स्कूलों में हम दीप मंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र ,राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम ,राष्ट्रगान तथा स्कूली छुट्टी के समय राज गीत ,गायत्री मंत्र तथा शांति मंत्र का पाठ पढ़ाते हैं



यादव ने आगे कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमने बच्चों के गणवेश में भी बदलाव किया है स्कूली बच्चों को अब अच्छी गुणवता वाले स्कूली ड्रेस मिल रहे हैं तथा किताबें तथा बालिकाओं को साइकिल पूर्व की भांति हम दे रहे हैं स्कूलों के भवन सर्व सुविधा युक्त हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है और जो स्कूली शिक्षक पहले की सरकार में गौठानों की देखरेख के काम में लगा दिए थे हमने उनको वापस स्कूलों में बुला लिया है और आगे चलकर हम छत्तीसगढ़ी भाषा में भी शिक्षादेने जा रहे हैं

स्कूलों में प्रशासनिक कसावट भी की जा रही है पहले सी व्याख्याता सीधे बीओ एवं डीओ बनते थे अब प्रिंसिपल और वह भी अनुभव वाले उनको हम बीओ एवं डि ओ बना रहे हैं

इस दौरान कार्यक्रम में उन्होंने भाटापारा सरस्वती शिशु मंदिर के लिए 10 लाख तथा सिंगारपुर, कडार,एवं तरेगा ,के सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूलों को तीन-तीन लाख रुपए देने की घोषणा की

पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ,नगर पालिका के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं सरस्वती शिशु मंदिर भाटापारा के अध्यक्ष वल्लभ लाहोटी मौजूद रहे।

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र यादव के नेतृत्व में हुआ आयोजन

# विधायक देवेंद्र का हुआ स्वागत, अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छतीसगढ के भिलाई नगर विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव के सरायपाली नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सामाजिकजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं यादव समाज के सामाजिकजन उपस्थित रहे। इस दौरान देवेंद्र यादव का उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सामाजिकजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान प्रखर शर्मा, रमीज रजा, वसीम हुसैन, राहुल जांगड़े, मनोज जांगड़े, राजेंद्र कुमार यादव राजू, ललित यादव, अंजू कुमार यादव, छतरसिंह यादव, मयंक यादव मोंटी, हेमसागर यादव, पदमन यादव, दिनेश कुमार यादव, छबिराम यादव, पालेश्वर पटेल, तुषार यादव, ओंकार यादव, पीयूष गोयल, कोमल यादव, ईशान यादव, नंदू यादव, हर्षवर्धन सिदार, सोनू चंद्रा, अंबर यादव, गणेश सिदार, भूषण यादव, पिंटू यादव, अशोक यादव सहित अन्य सामाजिक जन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता पीडी भोई एवं अमित सतपथी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



**कार्यालय में हुई भेंट-मुलाकात:** स्वागत के पश्चात देवेंद्र यादव ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र कुमार यादव के कार्यालय में सामाजिकजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर उनसे चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों, क्षेत्र की परिस्थितियों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर भी अपने विचार साझा किए। देवेंद्र यादव ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनके विचार सुने और संगठन तथा सामाजिक स्तर पर आपसी समन्वय एवं सक्रियता बनाए रखने पर चर्चा की। भेंट-मुलाकात के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के क्षेत्रीय दौरे एवं कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद से संगठन को मजबूती मिलती है। वहीं, सामाजिक जनों ने भी आपसी संवाद एवं सामाजिक एकजुटता को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक जनों की मौजूदगी से सरायपाली में राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

# किसानों ने अन्न माता को चीला का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र में लोक संस्कृति, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का पावन पर्व ईतवारी त्योहार मनाया गया। इस दिन खेती कार्य बंद रखकर अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ यह त्योहार मनाया गया।

श्रावण और भादो माह में मनाए जाने वाले तीन से पांच इतवारी पूरे अंचल में धार्मिक एवं सांस्कृतिक माहौल देखा गया। इस अवसर पर विशेष रूप से किसानों ने अपनी फसलों की सुरक्षा और बेहतर उपज के लिए खेत-खलिहानों में भगवान एवं अन्न माता की विशेष पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार तड़के किसानों एवं उनके परिजनों ने स्नानादि कर घर-घर में चावल आटे से पारंपरिक चीला रोटी तैयार की गई। इसके पश्चात किसान ससम्मान चीला का प्रसाद लेकर अपने-अपने खेतों की ओर गए। जहां किसानों ने अन्नपूर्णा माता और भगवान का ध्यान करते हुए धूप दीप अगरबत्ती जलाकर पूजन किया तथा चीला का भोग अर्पित किया। विशेष रूप से चावल आटे से निर्मित चीला रोटी का अन्न माता को अर्पित कर इस संस्कृति में इस इतवार याने रविवार को साधारण दिन न मानकर ईश्वर एवं प्रकृति का आभार जताने वाले त्योहार के रूप में मनाया। फसलों को कीट, प्राकृतिक आपदा एवं रोगों से बचाने तथा अच्छी फसल होने की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### खरोरा स्कूल में हुआ बाल संस्कार कक्षा संचालन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम खरोरा में बाल संस्कार की कक्षा संचालित किया गया। बच्चों के देश भक्ति गीत, प्रेरणाप्रद कहानियां, जीवन विद्या, सुविचार इत्यादि के माध्यम से दैनिक जीवन में सदाचार अपनाने प्रेरित किया गया। कक्षा का संचालन गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से पूर्णिमा साहू, प्रेमलता साहू, भूखन निषाद द्वारा किया गया। बच्चों को बाल निर्माण की कहानियाँ, गायत्री मंत्र लेखन भेंट किया गया। सभी शिक्षकों को हारिये न हिम्मत साहित्य भेंट किया गया। कक्षा को सफल बनाने में प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी, शिक्षक जागेश्वर सिन्हा एवं समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। यह उक्त जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### सिगरेट पिलाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** सिगरेट पिलाने की बात पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड 6 नयापारा के वेंकट राव ने रिपोर्ट लिखाई है कि 22 अगस्त को सुबह 11 बजे मोहल्ले के अश्वनी ध्रुव एवं तिरथ साहू सिगरेट पी रहे थे। जिस पर उसने अश्वनी ध्रुव से सिगरेट पिलाने कहा। इतनमें तीरथ साहू मना करते हुए गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। इसके बाद उसने अपने बड़े भाई सुखदेव साहू को बुलाया और दोनों मिलकर मारपीट करने लगे। इसी दिन शाम करीब 04 बजे उसी बात को लेकर सुखदेव साहू एवं उसके पिता बिसंभर साहू प्रार्थी के घर के सामने आकर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। मारपीट को देखकर प्रार्थी के दोस्त सज्जू खान एवं राकेश चौहान बीच-बचाव करने आए। जिन पर सुखदेव साहू ने चाकू से एवं बिसंभर साहू ने टंगिया से प्राणघातक हमला किया। मारपीट से प्रार्थी के बाएं हाथ की उंगली , दाहिने कोहनी एवं कमर में चोट लगी, सज्जू खान को सीने में एवं गर्दन में एवं राकेश के हाथ एवं अन्य जगह में गंभीर चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### नाबालिग से दुष्कर्म...

निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। ग्रामीण पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की पतासाजी कर घेराबंदी की गई पकड़ा आरोपी शिवकुमार यादव उम्र 36 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी शिवकुमार यादव को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### लंबित अपराधों के...

शराब तस्करी, जुआ-सट्टा और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा गश्त और पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी तथा थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

**पहल : चांपा प्राथमिक शाला में पुस्तकालय का उद्घाटन**

# पढ़ाई के साथ कहानी, विज्ञान और पर्यावरण से जुड़ी किताबें पढ़ सकेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

अब प्राथमिक शाला चांपा के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ नई-नई किताबें पढ़ सकेंगे और अपनी जानकारी बढ़ा सकेंगे। स्कूल में एक नए पुस्तकालय कक्ष का उद्घाटन किया गया, जो बच्चों के लिए ज्ञान के दरवाजे खोलने जैसा है।

यह पुस्तकालय इसलिए बनाया गया ताकि बच्चों में किताबें पढ़ने की आदत विकसित हो और उन्हें पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल मिल सके। उद्घाटन समारोह में स्कूल की प्रधानपाठक अराधना वर्मा के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र टंडन ने श्रीफल तोड़कर इस कक्ष का शुभारंभ किया।



इस मौके पर शिक्षाधिकारी राजेंद्र टंडन ने कहा, यह पुस्तकालय बच्चों की सोच को नई उड़ान देगा। किताबें बच्चों की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं, ये उन्हें दुनिया के बारे में सिखाती हैं। मैं चाहता हूँ कि हर बच्चा यहाँ आए, किताबें पढ़े और अपने सपनों को पंख लगाए।

प्रधानपाठक अराधना वर्मा ने बताया, हमने इस पुस्तकालय में हर उम्र के बच्चों के लिए किताबें रखी हैं। अब बच्चे पाठ्यपुस्तकों के अलावा कहानियां, कविताएँ, विज्ञान, पर्यावरण और खोजों से जुड़ी किताबें भी पढ़ सकेंगे। हम चाहते हैं कि बच्चे किताबों से रूबरू हों और उनका मन पढ़ाई में लगे।मौके पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक गोपाल वर्मा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से प्रत्युश सर, प्राचार्य भारती मढ़रिया और समन्वयक श्याम ध्रुव भी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो बच्चे ज्यादा पढ़ते हैं, वे जीवन में हमेशा आगे रहते हैं।वही स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रमा वर्मा, उपाध्यक्ष रामेश्वरी, शिक्षाविद् सोमनाथ वर्मा, संकुल से फागूराम जलहरे और स्कूल स्टॉफ के कुसुम ब्राम्हणकर, अजय वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्कूल में इको क्लब का गठन, विद्यार्थियों को सौंपी गई शाला की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत प्राथमिक शाला पचरी में इको क्लब का गठन करते हुए विद्यार्थियों को शाला की विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के दौरान इको क्लब के चयनित विद्यार्थियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रमुख के रूप में मिथलेश पाल एवं तमन्ना सिक्के, खेल प्रमुख के रूप में देवकुमार यादव एवं काजल टंडन, सांस्कृतिक प्रमुख के रूप में कोमल एवं मानसी, भोजन प्रमुख के रूप में अंशु एवं शौर्य, पर्यावरण प्रमुख के रूप में मोक्ष एवं रागिनी, वंदना प्रमुख के रूप में मनुश्री एवं किरण तथा स्वच्छता प्रमुख के रूप में इशिका का चयन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला पचरी के प्रधान पाठक गिरवर प्रसाद सोनी ने विद्यार्थियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इको क्लब के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को विद्यालय की जिम्मेदारियों से जोड़ना उन्हें भविष्य के लिए एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही तथा विद्यार्थियों में अपनी जिम्मेदारियां प्राप्त करने को लेकर उत्साह एवं खुशी का वातावरण रहा।

# महानिरीक्षक गर्ग ने ली अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



रामगोपाल गर्ग पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर, द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर जिले की कानून-व्यवस्था एवं पुलिसिंग की समीक्षा की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गर्ग ने जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा आमजन को बेहतर एवं संवेदनशील पुलिसिंग उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने विभिन्न पुलिस पोर्टल एवं ऑनलाइन सिस्टम में की जाने वाली सभी प्रकार की प्रविष्टियों को समयबद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित रखने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग एवं प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रियता से कार्य करें।

# कॉलेज के छात्रों को दी गई साइबर अपराध से बचने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में विद्यार्थियों को अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खरोरा थाना के सब इंस्पेक्टर रिखी साहू, कविता चंद्रा एवं चेतन दुबे ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न प्रकार, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर ठगी की स्थिति में अपनाए जाने वाले आवश्यक उपायों की जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों से सजग एवं सतर्क रहते हुए किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश पर व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी साझा न करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।प्राचार्य आरके साहू ने साइबर जागरूकता को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

# स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने वार्डों में किया जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे "स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराना मीटर लगाओ" अभियान के तहत आज बलौदाबाजार के वार्ड क्रमांक 12 एवं 16 क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान नागरिकों को अभियान की जानकारी देते हुए स्मार्ट मीटर हटाने एवं पुराने मीटर की मांग को लेकर निर्धारित फॉर्म भरवाए गए।

अभियान के दौरान क्षेत्र के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर भारी आक्रोश एवं नाराजगी देखने को मिली। नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं आपत्तियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समक्ष रखीं तथा अभियान में अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी केपूर्व जिलाध्यक्ष एवं इंदिरा गांधी मंडल के प्रभारी दिनेश यदु,शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन, शहर महामंत्री नीरज बांधे, पार्षद, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव,सलमान शेख, सुखदेव साहू,मनोज ठाकुर, प्रवीण त्रिवेदी, राजू रजक, सहित पदाधिकारी, वार्ड के कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल चिरपोटा में ग्रीन डे आयोजन और ली नशा मुक्ति की शपथ



**मुंडा।** ब्रम्हकुमारी संस्थान द्वारा पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की स्मृति में चलाए जा रहे दस करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाभियान के अंतर्गत बलौदाबाजार संस्थान से बीके नीरा, बीके ज्योति का आगमन हाईस्कूल चिरपोटा हुआ। वहां पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और संस्कारयुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। ब्रम्हकुमारी बहनों ने व्यसनों से बचने के लिए आत्मनियंत्रण, दृढ़ संकल्प अपनाने को कहा। इसी के साथ विद्यालय में ग्रीन डे का भी आयोजन किया गया। संस्कृत की व्याख्याता कृष्णा पांडेय ने बच्चों को अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार सोनवानी, जीवन लाल रजक,कृष्ण कुमार वर्मा,ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फेकर सहित स्कूली छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# तिल्दा-नेवरा की सड़कों को फोरलेन बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तिल्दा नेवरा



भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ रायपुर जिला ग्रामीण के जिला संयोजक एवं युवा भाजपा नेता दीपक शर्मा ने नागपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने तिल्दा-नेवरा क्षेत्र की सड़कों और यातायात से जुड़ी समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। दीपक शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्यमार्ग क्रमांक-20 के अंतर्गत आने वाला सिमगा-तिल्दा नेवरा-खरोरा-आरंग मार्ग करीब 70 किलोमीटर लंबा है। यह मार्ग पांच राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण कनेक्टिंग मार्ग है। रूट चेंज के लिए भी इस सड़क का उपयोग होने के कारण यहां यातायात का दबाव काफी अधिक रहता है।

- सिमगा-तिल्दा नेवरा-खरोरा-आरंग मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने की मांग

उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिंग मार्ग घोषित करने के साथ ही केंद्रीय सड़क एवं इंफ्रास्ट्रक्चर निधि से चारलेन निर्माण की मांग रखी। मांग पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। गडकरी ने कहा कि सरकार चाहती है कि सड़कों को लेकर लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

मुलाकात के दौरान दीपक शर्मा और भाजपा तिल्दा-नेवरा शहर उपाध्यक्ष सौरभ जैन ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का छत्तीसगढ़ के राजकीय गमछे और प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। राजकीय गमछे को देखकर गडकरी ने दीपक शर्मा से इसके बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने बताया कि यह गमछा छत्तीसगढ़ के राजकीय सम्मान का प्रतीक है।

### हनुमान मंदिर से 29 हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद।** वार्ड नंबर 02 इमलीभाठा स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने करीब 29 हजार के सामानों की चोरी कर ली। मामले में मंदिर समिति की ओर से थाना महासमुंद में अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। महासमुंद पुलिस को सौंपे आवेदन में वार्ड नंबर 2 इमलीभाठा निवासी दीपक साहू ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त की रात करीब 10 बजे से 22 अगस्त की सुबह 7:30 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति मंदिर में घुसा। इस दौरान चोर ने मंदिर में लगे तीन पीतल के बड़े घंटे, एक तांबे की कलश, दो तांबे के लोटे, एक फूल-कांच की थाली और चांदी के छह नेत्र चोरी कर लिए।

इसके अलावा मंदिर का एक एम्पलीफायर भी चोर ले गया, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है। चोरों ने मंदिर की दानपेटी को भी नहीं छोड़ा। उसमें रखे करीब 4 हजार रुपए भी चोरी होने की जानकारी सामने आई है। चोरी हुए सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 29 हजार रुपए बताई गई है। आवेदक के अनुसार, 22 अगस्त की सुबह मंदिर पहुंचने पर सामान गायब मिला। मामले की रिपोर्ट के बाद धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

**सुमित्रा धृतलहरे ने उठाए स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल**

# फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में कांग्रेस का भाजपा पर हमला, निष्पक्ष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वास्थ्य विभाग में कथित फर्जी ट्रांसफर आदेश और पैसों के लेनदेन के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की है।

धृतलहरे ने आरोप लगाया कि बलौदाबाजार भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनिराम पटेल और जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी पर स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी से कथित रूप से एक लाख रुपये लेकर सीएमएचओ के फर्जी हस्ताक्षर वाला ट्रांसफर आदेश जारी करने का आरोप सामने आया है। कर्मचारी जब नए पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग के लिए पहुंचा, तब उसे आदेश के कथित तौर पर फर्जी होने की जानकारी हुई।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकारी अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर से आदेश जारी करने और पैसों के लेनदेन के आरोप जांच में सही पाए जाते हैं, तो यह गंभीर मामला है और इससे शासन-प्रशासन की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन का दावा करती है, लेकिन सरकारी योजनाओं और अब ट्रांसफर के नाम पर कथित वसूली के आरोप गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्होंने पूछा कि क्या सरकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण भी पैसे देकर कराने का जरिया बन गए हैं।

धृतलहरे ने मांग की कि पूरे मामले में कथित पैसों के लेनदेन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच से मामले के पीछे जुड़े अन्य लोगों और अधिकारियों की भूमिका सामने आ सकती है।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्व. रूपेश ठाकुर की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार के पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकप्रिय जननेता स्वर्गीय रूपेश ठाकुर की जयंती पर शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने स्व. ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्व. रूपेश ठाकुर के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व, विचारों और जनसेवा के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताया। वक्ताओं ने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर उनकी सक्रियता और आमजन से उनका जुड़ाव सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, संदीप पांडे, परमेश्वर यदु, स्व. ठाकुर की धर्मपत्नी अर्चना ठाकुर, विक्रम पटेल, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### यादव समाज के अल्टीमेटम के बाद चंद्राकर ने मांगी माफी

**भाटापारा।** यादव समाज के संबंध में पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक अजय चंद्राकर द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ द्वारा जताए गए कड़े विरोध और सात दिन के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को



कहा था जिसके फलस्वरूप अजय चंद्राकर ने अपने बयान को लेकर खेद व्यक्त करते हुए यादव समाज से माफी मांग ली है। अजय चंद्राकर ने एक वीडियो जारी कर अपने पूर्व बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने यह बात युवा कांग्रेस के चुनाव के संदर्भ में कही थी। उनका उद्देश्य यादव समाज की भावनाओं को आहत करना नहीं था। उन्होंने कहा कि यदि उनके बयान से यादव समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो वे इसके लिए समाज से खेद व्यक्त करते हैं और माफी मांगते हैं।सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े विषयों पर सभी लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। यादव समाज का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है और समाज ने हमेशा संघर्ष के माध्यम से अपनी पहचान और अधिकारों के लिए आवाज उठाई है।

### मुर्गा दुकान से अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** सांकरा में एक मुर्गा दुकान से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी चिंतामणि साहू पिता धुबई साहू ( 35 साल) गबौद के कब्जे से 43 नग 8 पीएम व्हिस्की कीमत कीमती 8600 रुपए, एक मोबाइल कीमत 5000 रुपए कुल कीमत 13600 रुपए के सामान को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## दो घंटे तक मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

# नर्मदेश्वर महादेव का सहस्त्र जलधारा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सावन माह के पावन अवसर पर खरोरा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अग्रवाल समाज द्वारा नर्मदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं सहस्त्र जलधारा अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में खरोरा, केशला सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शिवगणों की पूजा एवं भगवान भोलेनाथ के विधिवत पूजन के बाद सहस्त्र जलधारा अभिषेक प्रारंभ हुआ। मानव श्रृंखला बनाकर श्रद्धालुओं ने करीब दो घंटे तक भगवान शिव का जलाभिषेक किया। 1008 छिद्र वाले पात्र से जलधारा अर्पित कर नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा। सावन के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं ने बड़ी संख्या में बेलपत्रों पर राम-राम और ॐ नमः शिवाय लिखकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया। इसके साथ ही धतूरा एवं विभिन्न पुष्प भी श्रद्धापूर्वक चढ़ाए गए। अभिषेक के बाद भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम में श्याम मित्र मंडल एवं महिला मंडल द्वारा शिव भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों के साथ श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अग्रवाल समाज की महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रुद्राभिषेक, जलधारा एवं आरती के दौरान शिव मंत्रों का उच्चारण पंडित धनंजय शर्मा ने कराया। इसके पश्चात भगवान नर्मदेश्वर महादेव की महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष ने कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।





## सोनार देवरी से निकली कांवड यात्रा बाबा धाम खरौद में होगा जलाभिषेक



**पलारी।** सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम सोनार देवरी के कांवरियों का दल बाबा धाम खरौद में जलाभिषेक एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर कांवडियो को कुंदन लाल साव द्वारा मंगलमय यात्रा की शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया।

इस दौरान कांवडियो में भगवान शिव के प्रति आस्था और उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु बोल बम के जयकारों के साथ बाबा धाम खरौद के लिए रवाना हुए।कांवड यात्रा में अंशु साव, मंगल साहू, रामेश्वर वर्मा, बलराम साहू, हेमलाल वर्मा, शिव वर्मा, सरोज वर्मा, धनराज वर्मा, सेवक वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, गणेश खोम, खगेश, मोहित, तुलाराम, शिव साहू, फत्तू, सोमनाथ, रामसागर, ओंकार, कुंभकरण, सूरज, ओमप्रकाश, देवेश, चंद्रप्रकाश, पुरुषोत्तम, विभीषण, परदेशी, सुखी, लक्की सहित समस्त बोल बम समिति सोनार देवरी के सदस्य शामिल रहे। वे सावन के अंतिम सोमवार पर बाबा धाम खरौद पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र एवं समस्त श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

## सावन के अंतिम सोमवार पर श्री दानेश्वर महादेव मंदिर में खीर-पूड़ी प्रसाद वितरण

**हिरमी रावन।** सावन के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम मोहरा स्थित श्री श्री दानेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए खीर-पूड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की संभावना है। जानकारी देते हुए यशवंत कुमार वर्मा ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को भगवान दानेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रसाद वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल उपस्थित रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान दानेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेने तथा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर मंदिर परिसर में विशेष उत्साह का माहौल है।



## पेंड्रावन जलाशय 16 फीट पानी से लबालब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

पेंड्रावन जलाशय बंगोली मे दिनभर अनवरत बारिश के चलते जलाशय मे 16 फीट पानी भर चुके हैं तथा खराब मौसम के चलते क्षेत्र मे दिनभर रुकरुक कर अनवरत बारिश होती रही जिसे देखते हुए जल संभाग विभाग सिंचाई कालोनी बंगोली एसडीओ ने तत्काल प्रभाव से तुरंत जलाशय से नहर मे पानी छोड़ने निर्देशित किया जिसके चलते रविवार सुबह कर्मचारी ठाकुर ने पेंड्रावन जलाशय से सिंचाई हेतू कम मात्रा मे नहर मे पानी छोड़ा गया है ।

ज्ञात हो कि पेंड्रावन जलाशय सन 1902 से निर्मित है जिसके चलते टैंक के पार मे कमजोरी व कहीं पर पानी का रिसाव होता है ,जिसके चलते कुछ वर्ष पहले सिंचाई विभाग ने कमजोर पार को मजबूती हेतू सैकड़ों ट्रैक्टर पत्थर से करोड़ रुपये के लगभग लागत से पार बंधान का कार्य किया था बावजूद इसके 16 फीट पानी भरते ही सिंचाई विभाग द्वारा जलाशय से पानी छोड़ने का निर्देश होता है।

## 19वीं पुण्य स्मृति पर रक्तदान शिविर, 66 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व प्रशासिका डॉ. दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर समाज सेवा प्रभाग, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 66 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें 50 पुरुष और 16 महिलाएं शामिल रहीं।

ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े सदस्यों ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिविर के माध्यम से लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित करने और समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का संदेश दिया गया।





सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि 18 से 65 वर्ष की आयु का ऐसा व्यक्ति, जिसका वजन कम से कम 45 किलोग्राम और हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम या अधिक हो, रक्तदान कर सकता है। एक बार में करीब 350 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति चिकित्सकीय मानकों के अनुसार नियमित रूप से रक्तदान कर सकता है और सामान्यतः इससे कमजोरी नहीं आती।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए समाज के लोगों को रक्तदान के लिए निरंतर प्रेरित करने की आवश्यकता बताई। शिविर के आयोजन में जिला अस्पताल की ओर से अंशुल सिंह, राजेंद्र कुमार घिर्रे, यामिनी साहू और शेषराम वर्मा ने आवश्यक सहयोग किया।

### राखियों से सजा बाजार

**पलारी।** 28 अगस्त शुक्रवार को श्रावण मास सुख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि श्रावणी उपक्रम के शुभ मुहूर्त पर भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार राखियों से सज गया है नगर पलारी में 20 से 25 राखी के दुकान लग गई है। राखी के दुकानदार बेनीराम देवांगन ने बताया कि 5 रूपए से लेकर 180 रूपए तक की राखियां बाजार में बिक रही है, राखियों में लुम्बा राखी,कार्टून,फैंसी, स्टोन, मोती जड़ति राखियो का चलन सबसे ज्यादा है।



## मंत्र साधना व गृहे दीप यज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल अमेरा द्वारा पवित्र सावन माह में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 30 जुलाई से लेकर सावन माह भर प्रतिदिन अलग-अलग घरों में महामृत्युंजय मंत्र के सामुहिक साधना के साथ-साथ गायत्री दीप महायज्ञ का कार्यक्रम गायत्री महिला मंडल के बहनों द्वारा उत्साह पुर्वक संपन्न कराया जा रहा है। बहनों ने बताया कि वर्ष 2026 अखिल विश्व गायत्री परिवार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण वर्ष है क्योंकि यह वर्ष परम वंदनीया माता एवं अखंड दीपक का शताब्दी वर्ष हैं। अतः पुरे विश्व कल्याण के लिए गायत्री परिवार के द्वारा ऐसे ही विविध कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम विगत 3 वर्ष से चलाया जा रहा है। वहीं शनिवार को अमेरा में कुल 26 घरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## श्री शिव महापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक का हुआ समापन

# द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा सुन भावुक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव के केसरवानी मंगल भवन में नगर के समस्त नगरवासियों के द्वारा भव्य शिवमहापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक 13 अगस्त से प्रारम्भ की गई थी जो 23 अगस्त को सम्पन्न हुआ।

11 दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक शाम चार बजे से रात आठ बजे प्रारम्भ की जाती थी। कथा के अंतिम दिन कथावाचक धर्म सम्राट करपात्री जी महराज के कृपा पात्र शिष्य श्री श्री 1008 श्री पवन कुमार महराज जी ने द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव, जो स्वयं में महाकाल हैं, जिनका काल भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता, जिनके दर्शन मात्र से मोक्ष प्राप्ति होती है। वह त्रिकालदर्शी हैं, भूत, भविष्य और वर्तमान के ज्ञाता हैं। पृथ्वी पर वह ज्योतिर्लिंग स्वरूप में विद्यमान हैं। धार्मिक क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर उनके 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं, जिनके दर्शनों से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, दुख दूर होते हैं, धन-संपदा, वैभव, प्रसिद्धि की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। वहीं आचार्य अनुराग दुबे एवं पवन दुबे ने वैदिक विधि विधान से हवन पुष्पांजलि एवं विसर्जन की प्रक्रिया सम्पन्न कराई।इसके बाद आयोजित महाभंडारा में सैकडों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे समय तक कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य यजमान अंजू पुष्पराज केसरवानी पूजा दुर्गेश केसरवानी आचार्य अनुराग दुबे, पवन दुबे, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे साईं मंदिर सेवा समिति के सदस्य पंकज दुबे, शिक्षक संजीव राजेत्री, राममनोहर गुप्ता, टेकचंद केसरवानी, रूपनारायण सिंह ठाकुर,रामदुलार साहू,धर्मेंद्र साहू नगर के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया ,सहयोगकर्ताओं दानदाताओं आयोजनकर्ताओं ने इस भव्य शिवमहापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक आयोजन की सफ़लता के लिए सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किए।





### सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ का स्मरण करने से होता है कल्याण

जो व्यक्ति प्रतिदिन इन 12 ज्योतिर्लिंगों के नाम जपता है, वह सभी कष्टों से मुक्त हो जाता है। उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। मनोकामना की पूर्ति के लिए इन ज्योतिर्लिंगों के नामों का जाप किया जाता। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव लोक कल्याण के लिए लिंग के रूप में वास हैं और भगवान शिव के बारह विग्रहों को द्वादश ज्योतिर्लिंग कहा जाता है। सर्वप्रथम श्रीसोमनाथ का स्मरण है। ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से ही सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है। इस दरमियान लगातार रिमझिम वर्षा होती रही। इस अवसर पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ती रही। भव्य आयोजन में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

